## संपादकीय

# भागें नहीं, राह निकालें

केंद्र और राज्यों के चुनाव एकसाथ कराने को लेकर राजनीतिक नेतृत्व में आम सहमति तो क्या, व्यापक संवाद भी अभी नहीं बन पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक देश, एक चुनाव पर चर्चा के लिए सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई जिसमें जेडीयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर बादल, बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी और सीपीआई के डी राजा ने हिस्सा लिया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, डीएमके, टीडीपी और टीएमसी की इस बैठक से गैरहाजिरी यह बताती है कि विपक्ष इस मामले में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा।

बहरहाल, लगभग लगातार चुनाव हमारे सिस्टम का एक अहम मसला है जिसे फौरी राजनीति से ऊपर उठकर देखा जाना चाहिए। अरसे से महसूस किया जा रहा है कि हमारी चुनाव प्रणाली में कुछ बुनियादी बीमारियां घर कर गई हैं। चुनावों का आलम यह है कि दो-चार महीने भी ऐसे नहीं गुजरते जब देश चुनावी मोड में न दिखता हो। लोकसभा चुनाव जरूर इस सदी में पांच साल पर होते आ रहे हैं लेकिन राज्यों के चुनाव हर समय होते रहते हैं। इनके घोषित होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे सरकारें अहम फैसले नहीं ले पातीं और खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ता है।

एक अनुमान के मुताबिक, विधानसभा और लोकसभा चुनाव अलग-अलग होने से हर साल करीब चार महीने आचार संहिता के दायरे में आ जाते हैं। इसका उलट पक्ष यह कि कुछ राज्यों में अपना टेंपो हाई रखने के लिए केंद्र सरकार पॉपुलिस्ट फैसले लेने लगती है जिसका नुकसान बाकी राज्यों को होता है। राजनीति का मुहावरा ऐसा बदला है कि राज्यों में भी वोट केंद्र के फैसलों पर पड़ने लगे हैं। सूचना क्रांति ने पूरे देश को जोड़ दिया है। एक कोने में हो रहे चुनाव का असर पूरे देश पर पड़ता है। बढ़ता चुनावी खर्च एक अलग समस्या है जिससे काले धन को बढ़ावा मिल रहा है। सैन्य बलों और बाकी अमले की तैनाती में पैसे तो लगते ही हैं, उनकी नियमित भूमिकाएं भी प्रभावित होती हैं। चुनाव एकसाथ कराए जाएं तो इन बीमारियों का असर कम हो सकता है।

कुछ लोगों का सवाल है कि एकसाथ चुनाव हो जाने के बाद भी अगर किसी राज्य में सरकार नहीं बन पाती या बनकर गिर जाती है और वैकल्पिक

सरकार बनने की कोई सूरत नहीं बनती तो क्या वहां मध्यावधि चुनाव नहीं कराए जाएंगे ऐसे और भी कई सवाल हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए लेकिन रास्ता तभी निकलेगा जब राजनीतिक दल चुनाव सुधार के बुनियादी प्रश्नों से कतराना छोड़ें। सिस्टम में बदलाव कभी आसान नहीं होता लेकिन उसमें गंभीर समस्याएं देखकर भी उनसे आंखें मूंदे रहना जिम्मेदारी से भागने जैसा है।

# चीन का भारत से हुवावेई पर स्वतंत्र निर्णय लेने का आग्रह

**बीजिंग (आरएनएस)।** चीन ने गुरुवार को भारत से आग्रह किया कि हुवावेई के परिचालन को लेकर वह 'स्वतंत्र तौर पर निर्णय' करे। वह इस संबंध में अमेरिका के प्रतिबंध से प्रभावित ना हो और चीन के कारोबारियों को एक 'पक्षपात और भेदभाव रहित' माहौल उपलब्ध कराए। अमेरिका ने हुवावेई पर सुरक्षा चिंताओं को लेकर प्रतिबंध लगाया हुआ है, साथ ही चीनी कंपनी के काम पर अंकुश लगाने को लेकर दूसरे देशों पर भी दबाव बना रहा है। हुवावेई दुनिया की शीर्ष दूरसंचार उपकरण और स्मार्टफोन बनाने वाली दूसरी बड़ी कंपनी है। भारत का हुवावेई को लेकर निर्णय लेना अब भी बाकी है। उसे यह फैसला करना है कि क्या वह इस चीनी कंपनी पर रोक लगाएगा या फिर 100 दिन के भीतर शुरू होने वाले 5जी के परीक्षण में हिस्सा लेने देगा। इस महीने की शुरुआत में दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा था कि आगामी 5जी परीक्षण में हुवावेई को अनुमति देने को लेकर भारत के अपने सुरक्षा संबंधी मुद्दे हैं। उन्होंने कहा था, ''हम इस पर कड़ा रुख अपनाएंगे। कुछ सुरक्षा संबंधी मुद्दे भी हैं, यह सिर्फ प्रौद्योगिकी का मसला नहीं है। जहां तक 5जी परीक्षण में उनकी भागीदारी की बात है तो किसी एक कंपनी को अनुमति देना या नहीं देना, एक जटिल सवाल है वह भी




तब जब सुरक्षा का सवाल भी मौजूद हो।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लू कांग ने यहां एक सवाल के जवाब में मीडिया से कहा कि चीन ने हमेशा विदेश में काम करने वाली चीनी कंपनियों को स्थानीय कानून और नियमनों का पालन करने के लिए कहा है। उनसे अमेरिका द्वारा भारतीय कंपनियों को दूरसंचार उपकरण की आपूर्ति की खबरों को लेकर सवाल किया गया था। कांग ने कहा कि चीन किसी अन्य देश के स्थानीय कानून के हिसाब से लगाए गए एकतरफा प्रतिबंध का कड़ा विरोध करता है। साथ ही निर्यात को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा मुद्दे के दुरुपयोग का भी विरोध करता है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ज्यादा से ज्यादा देशों ने हुवावेई के 5जी में भागीदारी को लेकर निरपेक्ष रुख दिखाया है। हम उम्मीद करते हैं कि हिंदुस्तान भी इस संबंध में एक स्वतंत्र निर्णय लेगा। वह चीनी कंपनियों को भेदभाव और पक्षपात रहित एक उपयुक्त कारोबारी माहौल उपलब्ध कराएगा जो दोनों के लिए फायदेमंद है।

# पिछले एक साल में एक फीसदी बढ़ा हरित क्षेत्र :जावड़ेकर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को कहा कि पिछले एक साल के भीतर देश में हरित क्षेत्र का दायरा 'ग्रीन कवर' एक फीसदी बढ़ गया है। नवगठित लोकसभा के पहले सत्र के प्रथम प्रश्नकाल के दौरान कौशल किशोर, मेनका गांधी और राहुल शेवाले के पूरक प्रश्नों के उत्तर में जावड़ेकर ने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा, ''मैं शुरुआत एक अच्छी खबर के साथ करना चाहता हूं। पिछले एक साल में देश में ग्रीन कवर एक फीसदी बढ़ गया है।'' उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 देशों में ग्रीन कवर बढ़ा है और उनमें भारत एक है। दरअसल, एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में ग्रीन कवर अब बढ़कर कुल भौगोलिक क्षेत्र का 24.39 फीसदी हो गया है। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 125 करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे।

# रूपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 28 पैसे फिसला

**मुंबई (आरएनएस)।** कच्चे तेल के दाम में तेजी और विदेशी पूंजी की निकासी से रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 28 पैसे गिरकर 69.72 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट से भी रुपये पर दबाव रहा। हालांकि , अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने रुपये की गिरावट को थामने का प्रयास किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा



विनिमय बाजार में रुपया गिरावट के साथ 69.75 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में थोड़ा संभलकर 69.72 रुपये पर कारोबार कर रहा है। बृहस्पतिवार की तुलना में रुपये में 28 पैसे की गिरावट देखी गई। बृहस्पतिवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 69.44 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। ईरान ने अमेरिका के सैन्य ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। इसके बाद पश्चिमी एशिया में बृहस्पतिवार को राजनीतिक तनाव बढ़ गया है।

# प्रतिस्पर्धा आयोग ने इंडियाबुल्स हाउसिंग-लक्ष्मी निवास बैंक के विलय को दी हरी झंडी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस की लक्ष्मी विलास बैंक के साथ प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी है। इंडियाबुल्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2019 में , लक्ष्मी विलास बैंक ने इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस के साथ विलय की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य अधिक पूंजी आधार और व्यापक भौगोलिक पहुंच वाला उद्यम बनाना है। इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया , भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 20 जून 2019 को हुई अपनी बैठक में विलय के प्रस्ताव पर विचार किया और उसे मंजूरी दे दी है। इससे पहले , लक्ष्मी विलास बैंक के निदेशक मंडल ने बैंक के इंडियाबुल्स हाउसिंग के साथ विलय को मंजूरी दी थी। विलय प्रस्ताव के तहत बैंक के शेयरधारकों को प्रति 100 शेयर के बदले इंडियाबुल्स के 14 शेयर मिलेंगे। दोनों कंपनियों के विलय से बनने वाली संयुक्त इकाई में कर्मचारियों की



संख्या 14,302 होगी और 2018-19 के पहले नौ महीने की अवधि में उसका दिया गया कर्ज 1.23 लाख करोड़ रुपये होगा।

# केंद्र, राज्यों को श्रम कानूनों में सुधारों को आगे बढ़ाने की जरूरत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र और राज्य सरकारों को रोजगार सृजन और निवेश आकर्षित करने के लिये श्रम कानूनों में सुधारों को आगे बढ़ाना जरूरी है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी शोध रपट 'इकोरैप' में यह जानकारी सामने आयी है। रपट में कहा गया है कि श्रम कानून में सुधारों को लेकर अब तक जो भी पहल हुई हैं, वह 'नगण्य' हैं। बड़े कार्यबल की मौजूदगी वाली भारत जैसी अर्थव्यवस्था में यह महत्वपूर्ण है कि रोजगार और रोजगार की काबिलियत में सुधार लाया जाये। श्रम क्षेत्र से जुड़े



मुद्दों को व्यवस्थित किया जाये साथ ही अर्थव्यवस्था में उपलब्ध श्रमबल के लिये पर्याप्त अवसर विकसित किए जाने चाहिये। देश के भीतर वर्तमान में केंद्र के 44 और राज्यों के 100 से अधिक श्रम कानून हैं। श्रम मंत्रालय ने मौजूदा केंद्रीय श्रम कानूनों को चार संहिताओं में वर्गीकृत करने के लिए कदम उठाए हैं। यह पारिश्रमिक, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण और कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं काम करने के हालात पर वर्गीकृत की गयीं श्रम संहिताएं हैं। रपट में कहा गया है कि इसमें से एक पारिश्रमिक पर बनी श्रम संहिता को अगस्त 2017 में लोकसभा पटल पर रखा गया। अन्य तीन संहिताएं अभी कानून बनने से पहले की जाने वाली चर्चा के चरण में हैं और इन्हें जल्द ही पूरा करना चाहिए।

# टीम इंडिया के लिए खुशखबरी, विजय शंकर हुआ फिट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंग्लैंड में खेले जा रहे क्रिकेट वर्ल्ड कप के बीच टीम इंडिया को लगातार झटके पर झटके लग रहे हैं। टीम इंडिया के एक के बाद एक खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं। लगातार चोटिल हो रहे खिलाड़ियों के कारण टीम इंडिया की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं। पहले सलामी बल्लेबाज बल्लेबाज शिखर धवन चोटिल हुए तथा फिर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार। इसके बाद विजय शंकर के भी चोटिल होने की खबर आई। लेकिन इस बीच अब टीम इंडिया के लिए राहत की खबर आई है।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि हरफनमौला खिलाड़ी विजय शंकर चोटिल नहीं हैं। बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान बुमराह की एक यॉर्कर शंकर के पैर में जाकर लगी थी। उम्मीद की जा रही थी कि भारत को शिखर धवन के बाद कोई और झटका न लगे।

# क्रिकेट महान शिक्षक है : कोहली



**साउथम्पटन (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि क्रिकेट एक महान शिक्षक है और इसमें इंसान को बदलने की क्षमता है। कोहली की टीम ने विश्व कप-2019 में चार में से अपने तीन मैच जीतने के बाद दो दिनों तक आराम किया और फिर नेट पर अभ्यास के लिए लौट आई। भारतीय टीम को शनिवार को यहां अफगानिस्तान से भिड़ना है।अफगान टीम के साथ होने वाले मुकाबले से पहले कोहली सहित टीम के कुछ खिलाड़ियों ने क्रिकेट4गुड अभियान के तहत बच्चों के साथ क्रिकेट खेला।

क्रिकेट विश्व कप वेबसाइट पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें कोहली ने कहा, मैं मानता हूं कि क्रिकेट बच्चों के जीवन में बदलाव ला सकता है। यह इंसान में बदलाव ला सकता है क्योंकि इसके जरिए एक खिलाड़ी अपने करियर में ठीक उसी तरह कई चरण से गुजरता है, जैसा कि वह अपने असल जीवन में गुजरता है।

# 5जी करार से हुआवेई को सकारात्मक भावी कारोबार की उम्मीद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हुआवेई ने गुरुवार को कहा कि युनाइटेड किंग्डम और रूस में 5जी करार करने के बाद कंपनी को भावी कारोबार सकारात्मक रहने की उम्मीद है। हुआवेई दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्मार्टफोन विक्रेता कंपनी है जिसने 2018 में 20.5 करोड़ स्मार्टफोन बेचे। कंपनी ने कहा कि उसके डिवाइस पर व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और इस प्रकार के दूसरे एप भी काम करते रहेंगे क्योंकि डिवाइस इनका इस्तेमाल करने के लिए उपयुक्त है।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ये सभी थर्ड पार्टी एप्लीकेशंस हैं जिन्हें हुआवेई के डिवाइस पर इंस्टॉल किया जा सकता है और बिना किसी समस्या के इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। हुआवेई को इस बात से तसल्ली मिली है कि तमाम हंगामे के बीच ब्रिटिश टेलीकॉम ईई ने देश का पहला उच्च गति वाला 5जी नेटवर्क दुनिया में टेलीकॉम उपकरण के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता की साझेदारी में लांच किया है। कंपनी




ने रूस के सबसे बड़े मोबाइल ऑपरेटर एमटीएस के साथ भी 5जी विकास का करार किया है। स्पेन भी हुआवेई के सहयोग से व्यावसायिक रूप से 5जी नेटवर्क शुरू करने वाला यूरोप का पहला देश बन गया है।

साइबर मीडिया रिसर्च के इंडस्ट्री इंटेलीजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने कहा, हुआवेई दुनिया की विशाल प्रौद्योगिकी कंपनी है जिसके पास आक्रामक ढंग से प्रौद्योगिकी का विकास करने की क्षमता है।

# आज का राशिफल

मेषः- आज किया हुआ कार्य अथवा लिया गया निर्णय आपको सफलता दिलाएगा। परिजनों तथा मित्रों के साथ समारोह में उपस्थित रह सकते हैं।

वृषभः- भाग्य आज मेहरबान रहेगा। कर्म करते जाएं और सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें। भाइयों के बीच में प्रेम बढ़ेगा। दोपहर बाद किसी बात को लेकर चिंतित हो सकते हैं।

मिथुनः- आज का दिन मिश्रित फलदायी है। हो सके तो यात्रा टाल दें। किसी से अनावश्यक वाद-विवाद हो सकता है। सतर्क रहें, चोट लगने की आशंका है।

कर्कः- आज का दिन उन्नति दायक रहेगा। जीवनसाथी अथवा किसी प्रिय व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। आज मन प्रसन्न रहेगा। कार्यालय में साथ काम करने वालों से सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

सिंहः- आज रुका हुआ धन प्राप्त होगा और अचानक कोई शुभ समाचार मिलेगा। शत्रु एवं विरोधी आपसे दूर भागेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलेगा।

कन्याः- सोच-विचार करके काम करेंगे तो आज सफल होंगे, जल्दबाजी में लिए फैसले से नुकसान होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूर स्थित स्नेहीजनों के समाचार मिलेंगे।

तुलाः- आज वाणी पर नियंत्रण रखेंगे तो दिन सुख-शांति से बीतेगा अन्यथा किसी व्यक्ति से वाद-विवाद के कारण मन दुखी रह सकता है।

वृश्चिकः- आज पराक्रम में वृद्धि का दिन है। सभी रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। यात्रा से लाभ होगा और भाईयों से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

धनुः- शेयर आदि जोखिमपूर्ण कार्य में सोच-समझकर ही पहल करें। वाणी के प्रदर्शन से धर्नाजन अथवा रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

मकरः- आज शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। आज आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। नकारात्मक विचारों को मन में ना आने दें।

कुंभः- खर्च के योग बन रहे हैं और सोच-समझकर ही धन-निवेश करें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें और यात्रा से परहेज करें। खान-पान पर ध्यान रखें। भाग्य 50 प्रतिशत तक साथ देगा।

मीनः- आज जो भी कार्य करेंगे उसमें पूर्ण लाभ मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा और धन निवेश में लाभ के प्रबल योग हैं। दैनिक कार्य भी आत्मविश्वास और एकाग्र मन से पूर्ण कर पाएंगे।

# ऑरेंज जूस विद आइसक्रीम बनाने की



गर्मियों में हमेशा ठंडी चीजें खाना पीना ही लाभदायक होता है। इसी क्रम में आइये जानते हैं ऑरेंज जूस विद आइसक्रीम को बनाने के बारे में। यह बेहद आसानी से और टेस्टी रेसिप है जिसे आप बच्चों के लिए बना सकती है। आइये जानते हैं ऑरेंज जूस विद आइसक्रीम बनाने की विधि के बारे में।

## सामग्री -

फलूदा 1 छोटा पैकेट, 2 बड़े चम्मच, चीनी 2 बड़े चम्मच वनीला आइसक्रीम 6 स्कूप, सब्ज बीज या तुकमलंगा, दूध् 4 कप, ऑरेंज जूस 1/2 कप, आइसक्रीम और फलूदा सजाने के लिए,

## विधि -

सबसे पहले आप सब्ज बीजों को एक कप दूध में डुबो दें तथा उनको दूध में ही फूलने दीजिये। अब आप फलूदे को नरम बनाने के लिए उसे गर्म पानी में भिगो दें। 5 मिनट के बाद फलूदे को गर्म पानी से निकालकर ठंडे पानी में छान लीजिये तथा ऑरेंज जूस में मिलाकर फ्रीज में रख दीजिये।अब आप बचे हुए तीन कप में 2 चम्मच चीनी मिलाकर फ्रीज में ठंडा करने के लिए रख दें। परोसते समय आप दूध तथा सब्ज बीजों को आपस में मिला दें। अब इसे 6 गिलासों में पलट लें। अब आप इसमें फालूदा तथा आइसक्रीम डालें तथा सभी को सर्व कीजिये।

# शब्द सामर्थ्य- 2

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 01 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

# सू-दोकू- 2

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 01 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |